# कार्यालय– क्षेत्रीय प्रबन्धक पश्चिमी क्षेत्र

उत्तराखण्ड वन विकास निगम आमडण्डा–रामनगर(नैनीताल)
दूरभाष–05947–251237, फैक्स ई–मेल ramwruafdc@yahoo.com

दिनांक - 27-06-2024

## :– अल्पकालीन निविदा सूचना :–

उत्तराखण्ड वन विकास निगम, पश्चिमी क्षेत्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए विभिन्न प्रपत्रों के मुद्रण हेतु अनुभवी, मुद्रण के क्षेत्र में प्रतिष्ठित, आयकर एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत व्यक्तियों/फर्म/कम्पनी/समितियों से हस्ताक्षरयुक्त मुहरबन्द निविदायें दिनांक 18–07–24 के अपरान्ह 5.00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/कोरियर से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निर्धारित समय के अन्तर्गत प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 19–07–2024 के अपरान्ह 12.00 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु निर्धारित निविदा फार्म, प्रपत्रों का विवरण एवं निविदा शर्ते www.uafdc.in वेबसाइट पर स्वप्रकट है तथा डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकार, निविदा प्रपत्र खरीदने से पूर्व प्रस्तावित मुद्रित होने वाले प्रपत्रों के प्रारूप का भौतिक रूप से भली–भांति निरीक्षण कर लेवे।

**2– दिनांक 19–07–2024 को यदि अवकाश घोषित होता है तो आगामी कार्य दिवस में उपरोक्त निर्धारित समय के अन्तर्गत निविदायें प्राप्त एवं खोली जायेगी।**

**<u>निविदा की शर्ते :–</u>**

1. निविदा सील बन्द लिफाफे में जिसके बाहर स्पष्ट शब्दों में **"फील्ड फार्म मुद्रण वर्ष 2024–25 हेतु निविदा"** अंकित होना अनिवार्य है।
2. निविदा शुल्क 500+18% जी0एस0टी0=590.00 (पांच सौ नब्बे) का डिमांड ड्राफ्ट जो क्षेत्रीय प्रबन्धक(प0क्षे0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, रामनगर के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदाएं इस कार्यालय द्वारा निर्धारित निविदा प्रारूप में ही स्वीकार की जायेंगी।
4. आपूर्ति की जाने वाली मुद्रण सामग्री की दरें समस्त दरें **जी0एस0टी0 रहित** दी जायेंगी जिस पर जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगा।
5. निविदादाता का जी0एस0टी0 में पंजीयन होना आवश्यक होगा। आयकर/स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। जी0एस0टी0 पंजीयन तथा पैन की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित प्रस्तुत की जायें।
6. निविदायें **दिनांक–18–07–2024** को **अपरान्ह 05.00** बजे तक रजिस्टर्ड/कोरियर डाक से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो **दिनांक–19–07–2024 के अपरान्ह 12.00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी**, निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधि अधिकार पत्र के साथ निविदा खोले जाने के समय उपस्थित रह सकते हैं।
7. निविदादाता को अपनी प्रेस का स्वामित्व स्वयं प्रमाणित किया जाना आवश्यक है, फर्म उद्योग विभाग में पंजीकरण का नवीनीकरण होना अनिवार्य है। जिसका प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
8. निविदादाता को निविदा के साथ अग्रिम धनराशि (Earnest money) **रु0–5000.00 (रु0–पांच हजार)** मात्र की एफ0डी0आर0/एस0टी0डी0आर0 जो क्षेत्रीय प्रबन्धक(प0क्षे0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, रामनगर के पक्ष में बन्धक हो संलग्न करनी आवश्यक होगी। बन्धक राशि के अभाव में निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।
9. सफलतम निविदादाता द्वारा स्वीकृत दर पर कार्य न करने की दशा में अग्रिम धनराशि (Earnest money) व जमानत राशि को जब्त कर लिया जायेंगा। उचित समझा जायेगा तो सूची कालीसूची में भी दर्ज किया जा सकता है।
10. मुद्रित किये जाने वाले प्रपत्रों का नमूना इस कार्यालय से प्राप्त करना होगा।
11. मुद्रित कराये जाने वाले प्रपत्रों का विवरण, टैण्डर प्रपत्र जिसमें दरें दी जानी है, संलग्न है, जिसमें कार्य की मात्रा के आधार पर आवश्यकतानुसार कमी/वृद्धि भी सम्भावित है।

क्रमशः:–02

CamScanner

12. मुद्रित किये जाने वाले प्रपत्रों का कमांक आपूर्ति आदेश में जारी कमांक के अनुसार किया जायेंगा।
13. परिशिष्ट 01 में दिये गये विवरण के अनुसार प्रत्येक पुस्तक की नाप तथा कलर वर्णित किया गया है, तदनुसार मुद्रण कार्य किया जाना है।
14. प्रत्येक पुस्तिका पर पुस्तक संख्या एवं पृष्ठ संख्या का मुदण किया जाना है तथा विभाग का नाम व मोनोग्राम प्रिन्ट किया जाना आवश्यक है।
15. मुद्रण में 60, 70, 90 जी0एस0एम0 पेपर, लेजर पेपर, एअर मेल पेपर का प्रयोग करना होगा। मानकों के अनुसार मुद्रण न करने पर भुगतान नहीं किया जायेंगा।
16. सफल निविदादाता को मुद्रित पुस्तके अपने व्यय पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी।
17. वांछित गुणवत्ता की मुद्रित पुस्तकें उपलब्ध कराने पर बिल का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।
18. मुद्रण आदेश जारी होने के 15 दिन के भीतर मुद्रण सामाग्री की आपूर्ति करनी होगी, अन्यथा सफल निविदादाता को दिये गये आपूर्ति आदेश स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा तथा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
19. प्रयुक्त होने वाले पेपर का नमूना टैण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। नमूने की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये अन्यथा गुणवत्ता सही न पाये जाने पर टैण्डर पर विचार नहीं किया जायेगा।
20. यह दरें वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए मान्य होगी।
21. सफलतम निविदादाता को निविदा खोलने के दिन से 10 दिन के अन्दर **जमानत रु0– 15000.00 (रु0–पन्द्रह हजार) मात्र** की एफ0डी0आर0/एस0टी0डी0आर0 जो क्षेत्रीय प्रबन्धक(प0क्षे0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, रामनगर के पक्ष में बन्धक हो जमा करनी होगी अन्यथा की स्थिति में यह माना जायेगा कि वह कार्य करने के इच्छुक नहीं है तथा तदनुसार निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
22. समस्त मुद्रित की जाने वाली सामाग्री हेतु न्यूनतम दरें एक ही फर्म की प्राप्त नहीं होने पर जिस फर्म की अधिकांश मुद्रित की जाने वाली सामाग्री न्यूनतम होगी उस फर्म की निविदा स्वीकार की जा सकती है।
23. उपरोक्त कार्य हेतु सफल निविदादाता द्वारा निविदा खोलने के दिन से 10 दिन के अन्दर रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध किया जायेगा।
24. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने हेतु उत्तराखण्ड वन विकास निगम स्वतन्त्र होगा।
25. उपरोक्त निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के विवाद हेतु महाप्रबन्धक(कु0म0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, हल्द्वानी आर्विटेटर (पंच) का निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा।
26. किसी भी प्रकार के कानूनी विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विधिक कार्य क्षेत्र **Legal Jurisdiction** नैनीताल जनपद होगा।
27. निविदादाता द्वारा निविदा शर्तों का पालन न करने पर ऐसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
28. वन विकास निगम को अधिकार होगा की वह बिना कारण बतायें किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर सकता है।

(हरीश पाल)
क्षेत्रीय प्रबन्धक(प0क्षे0)
रामनगर।

**पत्रांक म0– 1067 /उक्त दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– महाप्रबन्धक(कु0म0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, हल्द्वानी को सूचनार्थ प्रेषित।

(हरीश पाल)
क्षेत्रीय प्रबन्धक(प0क्षे0)
रामनगर।

CamScanner

**क्षेत्रीय कार्यालय(प०क्षे०), उ०व०वि० निगम, रामनगर के पत्रांक–भ0–1068 / निविदा / 2024–25 / दिनांक 27–06–2024 द्वारा आमंत्रित की गयी निविदा हेतु वर्ष 2024–25 में मुद्रण कार्य हेतु प्रपत्रों का विवरण :–**

| क्र0स0 | प्रपत्र | माप | पृष्ठ | मात्रा | मूल्य अंकों में प्रति नग | मूल्य शब्दों में प्रति नग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सं0 | विवरण | सेमी0 में | संख्या | | रू0 प्रति नग | रू0 प्रति नग |
| 1 | 1.1 साल प्रतिवेदन मिश्रित | 29X22 | 100X3 | 170 | | |
| 2 | 1.1 साल प्रतिवेदन मिश्रित | 29X22 | 50X3 | 300 | | |
| 3 | 1.1 साल प्रतिवेदन मिश्रित | 29X22 | 25X3 | 25 | | |
| 4 | 1.2 यूके0 प्रतिवेदन | 29X22 | 100X3 | 220 | | |
| 5 | 1.2 यूके0 प्रतिवेदन | 29X22 | 50X3 | 130 | | |
| 6 | 1.1 पौपलर प्रतिवेदन | 29X22 | 100x3 | 30 | | |
| 7 | 1.1 पौपलर प्रतिवेदन | 29X22 | 50x3 | 30 | | |
| 8 | 2.1 निकासी रवन्ना | 29X22 | 100X5 | 80 | | |
| 9 | 2.1 निकासी रवन्ना | 29X22 | 50X5 | 200 | | |
| 10 | 2.1 निकासी रवन्ना | 29X22 | 25X5 | 30 | | |
| 11 | 1.4 जलौनी प्रतिवेदन | 29X22 | 50X3 | 50 | | |
| 12 | व्यय प्रपत्र वाउचर | 31X34 | 100X1 | 20 | | |
| 13 | धनप्राप्ति | 21X22 | 100X3 | 57 | | |
| 14 | दैनिक पाक्षिका डायरी | 21.5X34 | 50x2 | 30 | | |
| 15 | वाउचर पैड | 29X22 | 100x1 | 25 | | |
| 16 | पेमेंट वाउचर | 29X22 | 50x3 | 32 | | |
| 17 | डाक चालान | 21X18 | 100x2 | 10 | | |
| 18 | लोक सूचना अधिकार के अन्तर्गत धनप्राप्ति रसीद | 23x14 | 50x3 | 2 | | |
| 19 | लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना के अनुरोधों का पंजीकरण | 33x20 | 50x3 | 1 | | |
| 20 | उपस्थित पजिका | 38x22 | 50x3 | 1 | | |
| 21 | टैण्डर फार्म | 32x20 | 100x1 | 3 | | |
| 22 | इन्डेक्स एवं डिस्पैच रजिस्टर | 19X30 | 200X1 | 15 | | |
| 23 | बिल पासिंग रजिस्टर लौटवार | 29x22 | 100x1 | 5 | | |
| 24 | 3.4 ग्रेडिंग मिश्रित लट्ठा | 21X34 | 100X1 | 1080 | | |
| 25 | 3.7 स्टैक रजिस्टर | 30x22 | 100x1 | 900 | | |
| 26 | आयतन सारणी | 16X14 | 26X1 | 50 | | |
| 27 | यात्रा भत्ता बिल पैड | 29X22 | 50x1 | 10 | | |
| 28 | 3.7 जड़, जलौनी स्टे0 | 30x18 | 100x1 | 210 | | |
| 29 | 3.7 यूकेलिप्टस प्रकाष्ठ स्टे0 रजिस्टर | 30x18 | 100x1 | 100 | | |
| 30 | 3.3 डिपो पहुंच | 18x13 | 100x1 | 576 | | |
| 31 | 3.1 आयात रजिस्टर | 30x18 | 100x1 | 130 | | |
| 32 | 3.2 निर्यात रजिस्टर | 30x18 | 100x1 | 130 | | |
| 33 | 4.1 बिड बुक | 30x20 | 100x1 | 117 | | |
| 34 | 3.6 वनोपज का लौटवार मासिक प्रतिवेदन | 25x20 | 100x1 | 103 | | |
| 35 | 4.4 अनुमति बुक | 16x13 | 100x1 | 52 | | |
| 36 | प्रकाष्ठ विक्रय डिपो लौट रजिस्टर | 35x21 | 1x400 | 163 | | |
| 37 | प्रारूप–1 लेखा रजिस्टर | 45x38 | 100x1 | 34 | | |
| 38 | लेजर क्रेतावार | 60x80 | 100x2 | 34 | | |
| 39 | 4.5 रवना बुक | 26x21 | 100x1 | 24 | | |
| 40 | 3.11 डिपो रहतिया | 37x38 | 100x1 | 23 | | |
| 41 | 3.4 जलौनी | 30x18 | 100x1 | 162 | | |
| 42 | 3.10 डिपोओं में निकासी का अन्तिम रजिस्टर | 10x8 | 50x1 | 51 | | |
| 43 | क्रेता लौट रजिस्टर | 45x34 | 50x1 | 10 | | |
| 44 | लौट रजिस्टर | 35x21 | 50x1 | 17 | | |
| 45 | कैश बुक राजस्व | 30x37 | 100x1 | 5 | | |
| 46 | 3.8 प्रपत्र | 10x8 | 50x2 | 13 | | |
| 47 | पार्टी लेजर | 24x15 | 100x1 | 10 | | |

क्षेत्रीय प्रबन्धक (प० क्षे०)
उ० वन विकास निगम
रामनगर

**कार्यालय– क्षेत्रीय प्रबन्धक पश्चिमी क्षेत्र**
उत्तराखण्ड वन विकास निगम आमडण्डा–रामनगर(नैनीताल)
दूरभाष–05947–251237, फैक्स ई–मेल ramwruafdc@yahoo.com

पत्रांक भ0– 1068 /निविदा/2024–25/ दिनांक– 27/06/24

**:– निविदा सूचना :–**

उत्तराखण्ड वन विकास निगम, पश्चिमी क्षेत्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए विभिन्न प्रपत्रों के मुद्रण हेतु अनुभवी, मुद्रण के क्षेत्र में प्रतिष्ठित, आयकर एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत व्यक्तियों/फर्म/कम्पनी/समितियों से हस्ताक्षरयुक्त मुहरबन्द निविदायें दिनांक 18-07-2024 के अपरान्ह 05.00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/कोरियर से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निर्धारित समय के अन्तर्गत प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 19-07-2024 के अपरान्ह 12.00 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु निर्धारित निविदा फार्म, प्रपत्रों का विवरण एवं निविदा शर्तें www.uafdc.in वेबसाइट पर स्वप्रकट है तथा डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकार, निविदा प्रपत्र खरीदने से पूर्व प्रस्तावित मुद्रित होने वाले प्रपत्रों के प्रारूप का भौतिक रूप से भली–भांति निरीक्षण कर लेवे।

**2– दिनांक 19–07–2024 को यदि अवकाश घोषित होता है तो आगामी कार्य दिवस में उपरोक्त निर्धारित समय के अन्तर्गत निविदायें प्राप्त एवं खोली जायेगी।**

(हरीश पाल)
क्षेत्रीय प्रबन्धक(प0क्षे0)
रामनगर

पत्रांक भ0– 1068 /उक्त दिनाकिंत।

प्रतिलिपिः– प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– महाप्रबन्धक(कु0म0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, हल्द्वानी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– लेखानुभाग, क्षेत्रीय कार्यालय(प0क्षे0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, रामनगर को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– सूचना पट।

(हरीश पाल)
क्षेत्रीय प्रबन्धक(प0क्षे0)
रामनगर

CamScanner